बिहार में इस समय कितने खाद्य प्रसंस्करण एकका कार्यरत है,

(ख) क्या सरकार बिहार में भागलपुर, मुजफ्फरपुर और वैशाली में आम और लीची के उत्पादन के आधार पर नए एकक लगाने पर विचार कर रही है, और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग संगठित यूनिटों के संबंध में राज्यवार सूचना इस मंत्रालय द्वारा नहीं रखी जाती है। बहरहाल, उपलब्ध सूचना के अनुसार बिहार से संबधित स्थिति निम्नानुसार है :-

	यूनिटों की संख्या
चावल मिल	4872
रोलर फलोर मिल	58
फल तथा सब्जी उत्पाद	41
मृदु वातित जल	12
दूध उत्पाद	2
संगठित बिस्कुट यूनिट	1
मांस प्रसंस्करण	1

(ख) और (ग) यह मंत्रालय स्वयं किसी राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना नहीं करता है।

बिहार में दलितों और पिछड़ों की हत्याओं के मामले

392. **श्री जनार्दन यादव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

*(क) मार्च, 1995 से जून, 1995 तक बिहार में हुई सामूहिक हत्याओं में कितने दलितों और पिछड़ों की हत्या हुई, और

(ख) इन हत्याओं को रोकने के लिए केन्द्रीय सरकार क्या योजना बना रही है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी0 एम0 सईद) : (क) और (ख) बिहार सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

तेल शोधक कारखानों का निजीकरण

393. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने वर्ष 1994-95 के दौरान निर्यात और स्वदेशी मांग की पूर्ति हेतु निजी क्षेत्र में नए तेल-शोधक कारखानों की स्थापना हेतु कुछ इकाइयों को स्वीकृति प्रदान की है,

(ख) यदि हां, तो निजी क्षेत्र की न इकाइयों का ब्यौरा क्या है जिन्हें तेल शोषक कारखाने स्थापित करने की अनुमति दी गई है तथा उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जहां इन तेल शोधक कारखानों को स्थापित किया जाना है,

(ग) निजी क्षेत्र के अंतर्गत अब तक कितने तेल शोधक कारखानों की स्थापना की गई है और की जा रही है तथा अनुमानित लागत कितनी है एवं उनका वार्षिक उत्पादन लक्ष्य निर्धारित किया गया है, और

(घ) प्रस्तावित तेल शोधक कारखाने कब तक कार्य/उत्पादन करना शुरू कर देंगे ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी, हां।

(ख) से (घ) सरकार ने निजी/संयुक्त क्षेत्र में निम्नलिखित रिफाइनरियों को स्थापित करने के लिए अनुमोदन दिया है।

पार्टी/रिफाइनरी का नाम	क्षमता	स्थान
निजी क्षेत्र की अनुमोदित रिफाइनरियां (डी टी ए के अंतर्गत)		
1. मैसर्स रिलायंस इन्डस्ट्रीज लिमिटेड	15 मि0मी0ट0प्र0व0	गुजरात
2. मैसर्स अशोक पेट्रोलियम लिमिटेड	9 मि0मी0ट0प्र0व0	गुजरात
3. मैसर्स अशोक लेलैंड गोटको	6 मि0मी0ट0प्र0व0	उड़ीसा
4. मैसर्स मेपलैक उद्योग	0.5 मि0मी0ट0प्र0व0	गुजरात
5. मैसर्स सोछेल फंड मैनेजमेंट (शत-प्रतिशत इ ओ यू के अंतर्गत)	6 मि0मी0ट0प्र0व0	पश्चिम बंगाल
1. स्विट्रलैंड की मैसर्स इंटरनेशनल पेट्रोलियम एस0 ए0 (बी0 वी0 आई0)	5 मि0मी0ट0प्र0व0	गुजरात
2. मैसर्स ब्लैक गोल्ड रिफाइनरिज लिमिटेड	2.5 मि0मी0ट0प्र0व0	आन्ध्र प्रदेश
3. मैसर्स पेट्रो सोर्स एनज़ीर कंपनी	4.8 मि0मी0ट0प्र0व0	पांडिचेरी
4. मैसर्स जिंदल फेरा एलायज	3 मि0मी0ट0प्र0व0	आन्ध्र प्रदेश
5. मैसर्स तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम लि0 (टी आई डी सी ओ)	2 मि0मी0ट0प्र0व0	तमिलनाडु
6. मैसर्स अवन लायड चाइल्स आफसोर लि0, मद्रास	3 मि0मी0ट0प्र0व0	तमिलनाडु
संयुक्त उद्यम रिफाइनरी		
1. एच0 पी0 सी0 एल तथा इंडियन रेयन इंडस्ट्रीज के बीच मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रो केमिकल्स लि0	3 मि0मी0ट0प्र0व0	मंगलौर
2.* बी पी सी एल तथा ओमान आबल कंपनी लि0 के बीच संयुक्त उद्यम, भारत ओमान रिफाइनरीज लिमिटेड	6 मि0मी0ट0प्र0व0	बीना (मं0 प्र0)
3.*एच पी सी एल एवं ओमान आयल कंपनी के बीच संयुक्त उद्यम हिन्दुस्तान ओमान पेट्रोलियम कारपोरेशन लि0 (एच ओ पी सी एल) रिफाइनरी	6 मि0मी0ट0प्र0व0	देवगढ़ (महाराष्ट्र)
4.*आई ओ सी तथा कुवैत पैट्रोलियम कारपोरेशन के बीच पूर्वी समुद्रतट रिफाइनरी	6 मि0मी0ट0प्र0व0	पूर्वी समुद्र तट

* सैद्धांतिक अनुमोदन

उपर्युक्त रिफाइनरियों में से कोई भी अभी तक स्थापित नहीं हुई है ।

यद्यपि एम आर पी एल को छोड़ कर किसी अन्य रिफाइनरी को चालू करने के लिए कोई खास लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है तथापि पार्टियां संगत अशय पत्रों में दी गयी शर्तों से शासित होगी । एम आर पी एल रिफाइनरी परियोजना को जून, 1996 में पूरा करने का काग्रक्रम है । ठीक लागत अनुमान सरकार के पास उपलब्ध नहीं है ।